# समाचार

## बच्चों की प्रतिभा को उभारने मंच उपलब्ध कराना जरूरी–महापौर

## (बेबीलैण्ड पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंची महापौर)





कोरबा 22 दिसम्बर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा कि बच्चों की प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए तथा उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बच्चों को मंच उपलब्ध कराना आवश्यक होता है। जब तक सही मंच नहीं मिलेगा तो प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने का अवसर भी प्राप्त नहीं होगा, अतः आवश्यक है कि बच्चों को समुचित शिक्षा–दीक्षा के साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभा को सामने लाने का अवसर अवश्य उपलब्ध कराना चाहिए।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज बेबीलैण्ड पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान व्यक्त किये। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत मिशन रोड स्थित बेबीलैण्ड पब्लिक स्कूल में आज वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय छात्र–छात्राओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा स्वच्छता विषय पर माडल निर्मित किये गये थे, महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन माडलों का अवलोकन किया तथा बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि निश्चित रूप से इन छोटे बच्चों की कल्पनाशीलता एवं कला कौशल सराहनीय है, मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं तथा विश्वास रखती हूं कि आगे चलकर इनका यह कला कौशल और अधिक विकसित होगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन द्वारा महापौर श्रीमती अग्रवाल का शाल एवं श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, महिला सेवादल की जिलाध्यक्ष ममता अग्रवाल, संजय झा, स्कूल संचालक सी.ए. बक्श, जी.आर. बक्श, रवि बक्श, सुरेन्द्र बक्श आदि के साथ अभिभावकगण एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)